**प्रसार भारती**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 मंगलवार** **दिनांक 22.07.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- **शराब घोटाले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को आज ईडी ने फिर से विशेष न्यायालय में पेश किया—कोर्ट ने चैतन्य को चौदह दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा।**

- **ईडी की कार्रवाई के विरोध में आज कांग्रेस ने प्रदेश के विभिन्न संभागीय मुख्यालयों में चक्काजाम किया।**

- **छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने औद्योगिक प्रदूषण पर रोक लगाने संबंधी याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य शासन को साठ उद्योगों की दोबारा जांच करने के दिए निर्देश।**

- **नकली दवाओं और प्रसाधन सामग्री के खिलाफ अभियान चलाकर राज्य के विभिन्न जिलों में खाद्य और औषधि विभाग की टीमों ने एक सौ सत्तर संस्थानों में मारे छापे।**

**चैतन्य बघेल—न्यायिक हिरासत**

प्रदेश में करीब ढाई हजार करोड़ रूपए के शराब घोटाले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को चौदह दिन की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। वे चार अगस्त तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे। प्रवर्तन निदेशालय—ईडी की पांच दिन की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद चैतन्य बघेल को आज रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उन्हें चौदह दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

गौरतलब है कि ईडी ने बीते अट्ठारह जुलाई को भिलाई स्थित बघेल निवास पर छापा मारकर चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया था। उन पर छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले से जुड़ी राशि की मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है।

**<u>कांग्रेस–चक्काजाम</u>**

इस बीच, प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने आज प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों में "चक्काजाम" कर आर्थिक नाकेबंदी करने की कोशिश की। चक्काजाम के दौरान यातायात प्रभावित हुआ। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।
कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रायपुर शहर के वीआईपी चौक, टाटीबंध, आरंग और अन्य स्थानों के पास राष्ट्रीय राजमार्गों पर चक्काजाम किया। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, शहरी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधोराम वर्मा, प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। वहीं, बिलासपुर में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत और विधायक अटल श्रीवास्तव ने चक्काजाम तथा विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर में और पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव सरगुजा में विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम में शामिल हुए।

**<u>अमित शाह–राष्ट्रीय सहकारिता नीति</u>**

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह चौबीस जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सहकारिता नीति की घोषणा करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सहकारिता नीति के प्रारूप को तैयार करने वाली समिति के सदस्य, राष्ट्रीय सहकारी संघों के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, प्रशिक्षण परिषद के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस नीति का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं को समावेशी बनाने, उनका पेशेवर तरीके से प्रबंधन करने, उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने और विशेष रूप से ग्रामीण भारत में बड़े पैमाने पर रोजगार तथा आजीविका के अवसर सृजित करने में सक्षम बनाना है।

**<u>सीबीएसई–सीसीटीवी कैमरा</u>**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अपने सभी विद्यालयों में ऑडियो–विजुअल रिकॉर्डिंग वाले उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। नये मानदंडों के अनुसार प्रवेश और निकास द्वार, गलियारों, सीढ़ियों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, कैंटीनों और खेल के मैदानों तथा अन्य सामान्य क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाएंगे। स्कूलों से कहा गया है कि सिर्फ शौचालय छोड़कर सभी स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे लगाए जाएं। कैमरों में रीयल–टाइम रिकॉर्डिंग और कम से कम पंद्रह दिनों का डेटा उपलब्ध रहेगा, जिसका उपयोग आवश्यकता के अनुसार किया जा सकेगा।

## हाईकोर्ट–औद्योगिक इकाई

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने औद्योगिक प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग को लेकर राज्य सरकार से औद्योगिक इकाइयों की दोबारा जांच करने और रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। इस मामले में दायर जनहित याचिकाओं पर आज हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अब राज्य शासन के अधिकारी, कोर्ट कमिश्नर और अतिरिक्त महाधिवक्ता साठ उद्योगों की दोबारा जांच कर प्रदूषण की वास्तविक स्थिति पर रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करेंगे।

गौरतलब है कि प्रदेश में संचालित स्पंज आयरन, सीमेंट और अन्य उद्योगों से निकलने वाले धुएं और धूल के कारण वातावरण प्रदूषित होने तथा श्रमिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों और याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में जनहित याचिकाएं दाखिल की थी, जिसे हाईकोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार किया था। अदालत ने पहले ही कोर्ट कमिश्नरों की नियुक्ति कर प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण कराया था, जिनकी रिपोर्ट न्यायालय को सौंपी जा चुकी है।

## हाईकोर्ट–याचिका

त्यौहारों के अवसर पर सड़कों को अवरूद्ध कर बिना अनुमति के पंडाल और स्वागत द्वार लगाने को लेकर दायर की गई याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई। राज्य शासन ने न्यायालय से नये दिशा–निर्देशों के लिए अतिरिक्त समय मांगा। राज्य शासन ने न्यायालय को बताया कि नये दिशा–निर्देश विभिन्न विभागों के सहयोग से तैयार किए जा रहे हैं। राज्य शासन की मांग को स्वीकार करते हुए डिवीजन बेंच ने नई गाइडलाइंस आने तक पुरानी व्यवस्था और निर्देशों का पालन करने को कहा है।

गृह विभाग द्वारा पूर्व में जारी आदेश के अनुसार विभिन्न संस्थाओं–संगठनों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि आयोजन से पूर्व जिला प्रशासन की अनुमति अनिवार्य रूप से ली जाए।

## खाद्य औषधि प्रशासन–कार्रवाई

खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग द्वारा नकली प्रसाधन सामग्री और नशीली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत राज्य के सभी जिलों में तैनात औषधि निरीक्षकों की टीम ने एक सौ सत्तर संस्थानों में छापेमारी कर आवश्यक नमूने एकत्रित किए और नियमानुसार कार्यवाही की।

रायपुर जिले में ड्रग विभाग की टीम द्वारा भाटागांव और गुढ़ियारी स्थित दुकानों पर छापा मारते हुए बिना लाइसेंस के बनाए जा रहे फिनाइल, साबुन और हैंडवाश उत्पादों को जब्त किया गया है, जिसकी कीमत छह लाख रूपये से अधिक है। वहीं, डूमरतराई स्थित औषधि वाटिका में नशीली दवाओं की जांच की गई, जहां एक दुकान में नारकोटिक दवाओं के रिकॉर्ड और रजिस्टर में अनियमितताएं पाई गई हैं। निरीक्षण के दौरान कुछ फर्जी प्रिस्क्रिप्शन भी बरामद हुए, जिसके आधार पर संबंधित फर्म को नोटिस जारी किया गया है। वहीं, बिलासपुर, रायगढ़, मुंगेली, धमतरी, कबीरधाम, जांजगीर–चांपा, जशपुर, कांकेर और बेमेतरा जिलों में भी छापेमारी कर आवश्यक नमून एकत्र किए गए।

इसी तरह, खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जिलों में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सिमगा और भाटापारा की कई दुकानों में खाद्य पदार्थों की जांच की गई।

## सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा

जगदलपुर स्थित पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार में पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत आज से सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा की शुरूआत हुई। विधायक किरण सिंह देव ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे आदिवासी और दूरस्थ अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। सुब्रतो कप जैसी स्पर्धाएं खिलाड़ियों को शालेय स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान करती है। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के पांच जोन – बस्तर, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और सरगुजा के दो सौ चालीस खिलाड़ी और पचास खेल प्रशिक्षक तथा टीम मैनेजर शामिल हो रहे हैं। इस स्पर्धा की विजेता टीम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करेगी।

## नवलीन कौर–तीरंदाजी

मेघालय में होने वाले उनतालीसवें राष्ट्रीय खेलों में तीरंदाजी की स्पर्धा में महासमुंद जिले की तीरंदाज नवलीन कौर को भी भाग लेने का अवसर मिलेगा।

राष्ट्रीय खेल में स्थान बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवलीन को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के हर खिलाड़ी को उसकी मेहनत, लगन और क्षमता के अनुरूप अवसर, संसाधन और मंच उपलब्ध कराया जाएगा।

नवलीन ने इस वर्ष फरवरी में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। वर्ष दो हजार अट्ठारह में नवलीन ने बागबाहरा स्थित बिहाझर बालाश्रम में तीरंदाजी का प्रशिक्षण शुरू किया और महासमुंद जिले की पहली महिला तीरंदाज बनीं।

## मौसम

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि एक ऊपरी हवा का घेरा दक्षिण छत्तीसगढ़ और उसके आसपास बना हुआ है। इसके अगले अड़तालीस घंटों में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। श्री चंद्रा ने बताया कि इसके असर से कल दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।

संक्षिप्त समाचार

- वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ जिले की नगर पंचायत लैलूंगा में दो करोड़ बहत्तर लाख रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस मौके पर श्री चौधरी ने लैलूंगा में पंजीयन कार्यालय खोलने की घोषणा की।

- वन मंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के नवा रतेंगा, घोटिया, रतेंगा और नारायणपाल में बयालीस लाख रुपये की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

- महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर वनमंडल के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में चरण पादुका योजना का शुभारंभ किया।

- उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में बाद–मथुरा जंक्शन के बीच तीसरी लाइन को मथुरा स्टेशन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसके कारण एक से बारह अगस्त तक कुछ यात्री गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। इनमें छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली उधमपुर–दुर्ग एक्सप्रेस और निज़ामुद्दीन–दुर्ग एक्सप्रेस भी शामिल हैं।

- जांजगीर–चांपा जिले के हरदी गांव में डायरिया से इकतीस लोग पीड़ित हैं, जिसमें से एक व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में शिविर लगाकर जांच की जा रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>